दिनांक- 31.08.2026


प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 644/26

# महोबा पुलिस

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**

- आज दिनांक 31.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

  महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 31.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 645/26

# महोबा पुलिस

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।

- आज दिनांक 31.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।
- अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।
- पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।





दिनांक- 31.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 646/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय न्यायालय महोबा में सघन चेकिंग अभियान, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 31.08.2026 को क्षेत्राधिकारी अपराध श्री अजय पाल सिंह के नेतृत्व में जनपदीय न्यायालय परिसर महोबा में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान किसी भी संभावित खतरे एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से एन्टी सेबोटाज टीम बांदा, डॉग स्क्वॉड, एलआईयू महोबा तथा न्यायालय सुरक्षा में तैनात पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा परिसर की गहन तलाशी ली गई।

अभियान के अंतर्गत न्यायालय परिसर में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की बारीकी से जांच की गई। डॉग स्क्वॉड द्वारा परिसर के विभिन्न हिस्सों में सूंघकर जांच की गई, वहीं एंटी सेबोटाज टीम द्वारा विस्फोटक या अन्य संदिग्ध सामग्री की संभावना को ध्यान में रखते हुए तकनीकी उपकरणों से निरीक्षण किया गया।

चेकिंग के दौरान न्यायालय परिसर के आसपास खड़े वाहनों की भी सघन तलाशी ली गई तथा बिना सत्यापन के प्रवेश करने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई। इस पूरी कार्यवाही का उद्देश्य न्यायालय में आने वाले न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनपद में सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर नियमित रूप से इस प्रकार की चेकिंग की जाए, जिससे कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जा सके और आमजन में सुरक्षा का भाव बना रहे।



दिनांक- 31.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 647/26

# महोबा पुलिस

**अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 03 पुलिसकर्मी को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।**

- उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु आज दिनांक 31.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही पुलिस सेवा के दौरान उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को स्मरण करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी-**

1. मुख्य आरक्षी श्री देवीशरण
2. मुख्य आरक्षी चालक धनीराम वर्मा
3. लीडिंग फायर मैन जाहिर सिंह

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड, प्रतिसार निरीक्षक रविन्द्र मलिक, जनपदीय पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारीजन उपस्थित रहे। सभी के द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को ससम्मान विदाई दी गई।



दिनांक- 31.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 648/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर थाना कबरई

## थाना कबरई पुलिस टीम ने 01 किलो 277 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने तथा संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में गठित पुलिस टीम के उ0नि0 श्री अनुज कुमार सिंह मय हमराह का0 राहुल तिवारी एवं का0 सचिन सरोज द्वारा दिनांक 30.08.2026 को अभियुक्त हीरालाल पुत्र टेरा धुरिया, उम्र करीब 52 वर्ष, निवासी ग्राम पहरा थाना कबरई जनपद महोबा को सूर्या ग्रेनाइट को जाने वाले रास्ते पर, बहद ग्राम गुगौरा थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में कुल 01 किलो 277 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई पर मु0अ0सं0 194/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

- हीरालाल पुत्र टेरा धुरिया, उम्र करीब 52 वर्ष, निवासी ग्राम पहरा थाना कबरई जनपद महोबा

### बरामदगी का विवरण-

- 01 किलो 277 ग्राम अवैध सूखा गांजा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 अनुज कुमार सिंह
2.का0 राहुल तिवारी
3.का0 सचिन सरोज

